महत्वपूर्ण / व्यक्तिगत ध्यान / ई-मेल / विभागीय वेबसाईट

पत्र संख्या:एडी0कमि0(पुलिस)/ पुलिस कर्मी /उपार्जित अवकाश // 2020-21 457 //वाणिज्य कर
कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ
(पुलिस-कैम्प)
दिनॉक :: लखनऊ :: 29 जनवरी, 2021

समस्त
एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

प्रायः यह देखने में आ रहा है कि जोनों में सम्बद्ध पुलिस कर्मियों के उपार्जित अवकाश प्रार्थना पत्र स्वीकृति हेतु मुख्यालय को काफी विलम्ब से 02-03 माह पश्चात प्रेषित किये जा रहे हैं। मुख्यालय द्वारा अवकाश स्वीकृत न होने के उपरान्त भी सम्बंधित पुलिस कर्मियों को जोनों /जनपद कार्यालयों से अवकाश का उपभोग करने हेतु प्रस्थान करा दिया जाता है। यह स्थिति उचित नहीं है।

मुख्यालय द्वारा पुलिस कर्मियों के अवकाश स्वीकृत न होने के बाद भी उन्हें जोनों /जनपद कार्यालयों से प्रस्थान करा दिये जाने के कारण सम्बंधित पुलिस कर्मी अवकाश अवधि में कहॉ जा रहे हैं और किन गतिविधियों में लिप्त हैं, इसकी जानकारी सम्बंधित जोनों / जनपद कार्यालय / मुख्यालय को नहीं होती है। ऐसी स्थिति में पुलिस कर्मियों द्वारा अवकाश अवधि में किये गये कृत्य के कारण अवकाश स्वीकृत किये जाने से भविष्य में विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

उक्त के दृष्टिगत अनुरोध है कि पुलिस कर्मियों के उपार्जित अवकाश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों को अपनी स्पष्ट संस्तुति एवं प्रार्थना पत्रों पर कुल शेष देय अवकाश की सूचना अंकित कराने के उपरान्त कम से कम 30 दिवस पूर्व मुख्यालय को प्रेषित करा दिये जायं, जिससे मुख्यालय द्वारा अवकाश स्वीकृति की सूचना ससमय सम्बंधित जोनों को प्रेषित की जा सके। मुख्यालय द्वारा अवकाश स्वीकृति के पश्चात् ही सम्बंधित पुलिस कर्मी को अवकाश का उपभोग करने हेतु जोन / जनपद कार्यालयों से प्रस्थान कराया जाय। अन्य कार्यालयों से पुलिस कर्मियों के अवकाश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों को सीधे मुख्यालय को प्रेषित न कराया जाय।

उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(प्रकाश स्वरुप पाण्डेय)
आई0पी0एस0
एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- ज्वाइंट कमिश्नर (के0स0द0) वाणिज्य कर मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ।
2- ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ को विभागयी वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
3- समस्त डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

एडीशनल कमिश्नर(पुलिस) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ,लखनऊ